उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 581

दिनांक /Date.: 28.06.2022

संवाद–239

विषयः– भर्ती केन्द्र पुलिस लाइन गोपेश्वर(चमोली) में पुरूष आरक्षी पदों हेतु आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षण में विशेष कारणों से निर्धारित तिथियों में प्रतिभाग न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त दिवस में अवसर प्रदान किये जाने के संबंध में

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि वर्तमान में प्रदेश में पुलिस आरक्षी व अन्य रिक्त पदों पर चयन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कम में आयोग कार्यालय के संवाद–218 दिनांक 26.05.2022 एवं पत्रांक–339/2022 दिनांक 26.05.2022 को जारी अधिसूचना के द्वारा 05 श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त दिवस का लाभ दिये जाने के संबंध में सूचित किया गया था।

इसी कम में पुरूष आरक्षी संवर्ग के पदों हेतु **भर्ती परीक्षा केन्द्र पुलिस गोपेश्वर(चमोली)** में उक्त कारणों से प्रतिभाग न करने वाले अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन **दिनांक 02.07.2022 को किया जायेगा।**

अतः पूर्व निर्धारित तिथियों में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि वे **दिनांक 02.07.2022** को आयोग द्वारा पूर्व में शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु जो प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं, वे उसी प्रवेश–पत्र व संबंधित चिकित्सक का प्रमाण–पत्र या अन्य परीक्षा का प्रवेश–पत्र या अन्य समुचित प्रमाण लेकर परीक्षा केन्द्र/स्थान पर प्रातः 07:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

आयोग की ओर से,

28/6

(संतोष बडोनी)

सचिव।